


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -32 जबलपुर, रविवार 02 मार्च 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


**मुख्यमंत्री ने बालाघाट में 326 करोड़ 60 लाख रूपये के 117 विकास कार्यो का किया भूमि-पूजन और लोकार्पण**

## मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना में धान पर 4 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मिलेगा अतिरिक्त लाभ-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### गेहूँ पर 175 रूपये प्रति क्विंटल मिलेगा बोनस



भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट के किसान सम्मेलन में किसानों को अभूतपूर्व सौगात देते हुए कहा कि अब प्रदेश में धान उत्पादक किसानों को 4 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गेहूँ उत्पादक किसानों को भी प्रति क्विंटल 175 रूपये अतिरिक्त बोनस राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मूल्य संवर्धन योजना (प्राइस सपोर्ट स्कीम) अंतर्गत वर्ष 2024 में 6.69 लाख किसानों द्वारा 12.2 लाख हेक्टेयर रकबे में उत्पादित धान का विक्रय किया गया है। धान उत्पादक किसानों को मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना में प्रति हेक्टेयर 4000 रूपये का लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश के किसानों को 488 करोड़ रूपये का अतिरिक्त लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूँ उत्पादक किसानों को भी समर्थन मूल्य 2425 रूपये के अतिरिक्त 175 रूपये प्रति क्विंटल की बोनस राशि दी जायेगी। इस प्रकार गेहूँ के उपार्जन पर प्रति क्विंटल 2600 रूपये की राशि मिलेगी। इस वर्ष प्रदेश में 80 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जन अनुमानित है। प्रदेश के किसानों को 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस के रूप में मिलने से लगभग 1400 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि का लाभ होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जा रही है। आने वाले 5 वर्षों में 2 लाख 70 हजार पदों पर विभिन्न सेक्टर में रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। हमारी सरकार वर्ष 2028 तक सरकार 70 प्रतिशत युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रदेश में चल रही योजनाएं यथावत चलती रहेगी। कोई भी योजना बंद नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश सभी क्षेत्रों में लगातार नंबर वन पर बना रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन में सभी को विकास का संकल्प भी दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने 1412 दिव्यांगजनों और 1040 वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित करने के साथ अन्य विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर से 5वें नंबर पर आ गई है और अब हम चौथे नंबर पर आने के लिए अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश भारत है, और यह प्रसन्नता की बात है कि वर्तमान में सर्वाधिक जीएसडीपी ग्रोथ रेट 13 प्रतिशत मध्यप्रदेश की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय कलेक्टर को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और ग्रामीण का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति पक्के मकान के बगैर नहीं रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट के खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण सौगात देते हुए हॉकी के एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर भी पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। पदक प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का होना हमें गौरवान्वित करता है। उन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में मध्यप्रदेश के तीसरे स्थान पर रहने पर हार्दिक प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे प्रदेश के युवा जिस भी क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं, सरकार उन्हें आगे बढ़ने के समुचित अवसर प्रदान करेगी। सरकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए हर क्षेत्र में विकास करने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट को खनिजों का सम्राट जिला बताते हुए कहा कि यह प्राकृतिक और खनिज संपदा से समृद्ध जिला है। तांबा और मैंगनीज यहाँ भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। चिन्नोर के चावल की खुशबू सभी ओर व्याप्त है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में नक्सलवाद के उन्मूलन का कार्य चल रहा है। हम गृह मंत्री श्री शाह के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के पैर किसी भी कीमत पर जमने प्रदेश में नहीं देंगे।

## हर घंटे जलाया जा रहा यूनियन कार्बाइड का 135 किलो कचरा, हर घंटे 500 लीटर डीजल की खपत



इंदौर (आरएनएस)। धार जिले के पीथमपुर स्थित रामकी संयंत्र में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया के तहत शनिवार को भी इंसीनरेटर में कचरा जलाया गया। शुक्रवार दोपहर तीन बजे से शुरू हुई कचरे के निष्पादन की पहले चरण की प्रक्रिया में लगातार 74 घंटे यानी सोमवार शाम पांच बजे तक 10 टन कचरे को जलाया जाना है। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों के अनुसार, रासायनिक तत्व खत्म करने के लिए अब तक निष्पादित कचरे के साथ करीब 3240 किलोग्राम चूने का मिश्रण किया गया। फ्लू गैसेस की सफाई के लिए 3.6 टन चूना, 1.8 टन एक्टीवेटेड कार्बन और 24 किलोग्राम सल्फर का भी उपयोग किया गया। कचरा निष्पादन की प्रक्रिया शुरू होने का पीथमपुर में अभी भी विरोध किया जा रहा है। हालांकि पुलिस बल तैनात होने की वजह से शनिवार को पूरे दिन शांति बनी रही।

## दिल्ली में 31 मार्च के बाद 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, ऐसे होगा आदेश का पालन

नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली सरकार ने राजधानी में बढ़ते प्रदूषण पर काबू पाने के लिए बड़ा फैसला लिया है. पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में 15 साल से पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद से पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा. इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जो ऐसे वाहनों की पहचान करेगी. इसके अलावा प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली के बड़े होटलों, कुछ बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स, दिल्ली एयरपोर्ट, बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट्स को तुरंत अपने यहां प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं.

हमने आज फैसला किया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे

## बेटे ने सड़क पर काटा केक... रायपुर महापौर मीनल चौबे को शहर की जनता से मांगनी पड़ी माफी



रायपुर(आरएनएस)। सड़क पर बर्थ डे मनाने और केक काटने पर कड़ी कार्रवाई के मुख्य सचिव के निर्देश को नवनिर्वाचित महापौर और भाजपा नेत्री मीनल चौबे के बेटे के वीडियो ने चुनौती दे दी है। मुख्य सचिव ने शुक्रवार को ही बैठक लेकर सभी जिलों के कलेक्टर और एसपी को सड़क पर केक काटने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी बीच शनिवार को ही महापौर के बेटे का सड़क पर केक काटते और फटाखे फोड़ते हुए वीडियो प्रसारित हो रहा है।

कांग्रेस ने पूरे मामले को आड़े हाथों लिया है। सभी के लिए एक समान नियम रखते हुए कार्रवाई की मांग की है। इससे पूर्व सड़क पर बर्थ डे मनाने के मामले में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सहित 10 लोगों को जेल हुई थी। अब कांग्रेस नवनिर्वाचित मेयर के बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही है। हालांकि अभी तक पुलिस ने न तो मामला दर्ज किया है और न ही माफी मांगी है।

महापौर ने वीडियो पर जताया खेद, मांगी माफी

इस पूरे मामले के बहु प्रसारित होने के बाद महापौर मीनल चौबे ने अपने बेटे के सड़क पर केक काटते और आतिशबाजी करते हुए मनाए गए जन्मदिन के वीडियो पर खेद जातया है।

## इंदौर में महंगा हुआ दूध, आज से रेट दो रुपये प्रति लीटर बढ़े

इंदौर। एक मार्च शनिवार से इंदौर शहर में दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो गई है। शहर में दूध व्यापारी संगठनों ने दाम बढ़ाने की घोषणा की है। इंदौर दूध विक्रेता संघ और मप्र दुग्ध व्यवसायी संघ ने घोषणा की है कि एक मार्च से दुकानों पर दूध की बिक्री 62 रुपये प्रति लीटर के दाम पर और बंदी का दूध 60 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से मिलेगा। बंदी के दूध में सेवा शुल्क अलग से लिया जाएगा। मार्च से लागू ये दूध के दाम अगस्त तक प्रभावी होंगे।

## केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दाहोद स्थित लोकोमोटिव रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का दौरा किया



नई दिल्ली-(आरएनएस)। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने दाहोद स्थित लोकोमोटिव रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का दौरा किया। माननीय रेल मंत्री जी ने कार्यशाला में सिम्युलेटर सहित कारखाने का निरीक्षण किया और 9000 एचपी डब्ल्यूएजी लोकोमोटिव के नए विकसित प्रोटोटाइप का निरीक्षण किया। माननीय मंत्री जी ने इस लोकोमोटिव के सभी पहलुओं का निरीक्षण किया, जो दाहोद कार्यशाला में निर्मित सबसे शक्तिशाली लोकोमोटिव (9000 एचपी) में से एक है। श्री वैष्णव ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रोटोटाइप लोको तैयार है और परीक्षण चल रहे हैं। लोकोमोटिव मेक इन इंडिया है और कवच तकनीक सहित उन्नत सुविधाओं से लैस है। जल्द ही, लोको का निर्यात शुरू हो जाएगा और यह दुनिया भर में दाहोद का नाम रोशन करेगा। इससे दाहोद की चांदी का भोरियू और झुलड़ी भी पूरी दुनिया में मशहूर हो जाएगी। माननीय रेल मंत्री जी ने उल्लेख किया कि कार्यशाला का काम पूरा होने वाला है और जल्द ही माननीय प्रधानमंत्री द्वारा इसे राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

**यूक्रेनी राष्ट्रपति का माफी मांगने से इनकार**

## बहस के बाद व्हाइट हाउस से निकाले गए जेलेंस्की-ट्रम्प के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द



वॉशिंगटन.(आरएनएस)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ बहस के बाद व्हाइट हाउस से बाहर निकाल दिया गया. दोनों नेताओं के बीच शुक्रवार को करीब 10 मिनट तक तीखी बहस हुई थी. रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि बहस के बाद यूक्रेन के डेलिगेट्स ओवल ऑफिस से निकलकर दूसरे कमरे में चले गए थे. अमेरिकी टीम वहीं रुकी रही. इस दौरान ट्रम्प ने उपराष्ट्रपति वेंस, विदेश मंत्री रुबियो और एनएसए माइक वाल्ट्ज से बातचीत की. चर्चा के दौरान ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की बातचीत की हालत में नहीं हैं. इसके बाद उन्होंने माइक वाल्ट्ज और रुबियो से कहा कि वे जाकर खुद जेलेंस्की को कह दें कि उनके जाने का वक्त हो गया है. ये दोनों अधिकारी वहां पहुंचे तो जेलेंस्की ने उनसे कहा कि वे चीजों को ठीक कर सकते हैं.

## मुझे लुटियंस जमात और खान मार्केट गैंग पर आश्चर्य है- पीएम मोदी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। 'एनएक्सटी' कॉन्क्लेव 2025 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत पर आज पूरी दुनिया की नजर है। दुनिया भर के लोग भारत आना चाहते हैं, भारत को जानना चाहते हैं। आज भारत, दुनिया का वो देश है, जहां पॉजिटिव न्यूज लगातार क्रिएट हो रही है। न्यूज मैन्यूफेक्चर नहीं करना पड़ रहा है। जहां हर रोज नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, कुछ न कुछ नया हो रहा है। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को ही प्रयागराज में महाकुंभ संपन्न हुआ है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक अस्थाई शहर में, नदी तट के किनारे करोड़ों लोगों ने स्नान किया।

मोदी ने कहा कि कुछ महीने पहले ही, भारत ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव कराए हैं। 60 साल बाद ऐसा हुआ जब भारत में कोई सरकार लगातार तीसरी बार वापस लौटी है। इस जन-विश्वास का आधार पिछले 11 साल में भारत की अनेकों उपलब्धियां हैं। मुझे विश्वास है कि आपका नया चैनल भारत की वास्तविक कहानियाँ दुनिया तक पहुंचाएगा। बिना कोई रंग दिए आपका ग्लोबल चैनल, भारत की वैसी ही तस्वीर दिखाएगा, जैसा वो है। हमें मेकअप की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई साल पहले मैंने का विजन देश के सामने रखा था। आज हम इस विजन को सच्चाई में बदलते हुए देख रहे हैं। आज हमारे आयुष प्रॉडक्ट्स और योग, हो गए हैं। आज भारत के सुपरफूड, हमारा मखाना, हो रहा है। भारत के मिलेट्स-श्रीअन्न भी, हो रहे हैं। भारत, दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कॉफी एक्सपोर्टर बन गया है। उन्होंने कहा कि दशकों तक, दुनिया भारत को अपना बैक ऑफिस कहती थी। लेकिन आज, भारत न्यू फैक्ट्री ऑफ द वर्ल्ड बन रहा है। हम सिर्फ वर्कफोर्स नहीं, वर्ल्ड-फोर्स हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत बहुत बड़े टारगेट्स रख पा रहा है, उनको अचीव कर रहा है... तो इसके मूल में एक खास मंत्र है। ये मंत्र है-मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस। ये कुशल और प्रभावी शासन का मंत्र है। बीते एक दशक में हमने करीब 1,500 ऐसे कानूनों को खत्म किया है, जो अपना महत्व खो चुके थे।

## दमोह में ट्रक और ई-रिक्शा की टक्कर, मजदूरी पर जा रहे 5 लोग घायल

दमोह. (आरएनएस)। एमपी के दमोह के देहात थाना क्षेत्र में इमलाई माइसेम सीमेंट फैक्ट्री के पास एक बड़ा सड़क हादसा हुआ एक तेज रफ्तार ट्रक ने ई-ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी, हादसे में ऑटो चालक समेत पांच मजदूर घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही हंड्रेड डायल और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची, चालक अरविंद और ईएमटी हरिराम ने सभी घायलों को तुरंत दमोह जिला अस्पताल पहुंचाया.

घायल मजदूरों में सिमरी निवासी अशोक उम्र 35 वर्ष लोको निवासी परम उम्र 35 वर्ष इमलिया निवासी जयकुमार उम्र 20 वर्ष इमलिया निवासी भानु उम्र 19 वर्ष और इमलिया निवासी भरत उम्र 25 वर्ष शामिल हैं, सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है. सभी मजदूर काम पर जाने के लिए ई-रिक्शा में सवार होकर दमोह आ रहे थे.

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर बिगड़ रहे हालात!

### घुसपैठियों ने रची साजिश, बीएसएफ जवान ने आत्मरक्षा में चलाई गोली



त्रिपुरा-(आरएनएस)। त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 28 फरवरी को हिंसक झड़प हुई, जिसमें बीएसएफ का एक जवान और एक बांग्लादेशी घुसपैठिया घायल हो गया। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, कथित तौर पर तस्करी की गतिविधियों में लिप्त 20-25 बांग्लादेशी बदमाशों का एक समूह शाम करीब साढ़े सात बजे बीओपी पुटिया क्षेत्र में सीमा स्तंभ (बीपी) 2050/7-एस के पास भारतीय क्षेत्र में घुस आया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गश्ती टीम ने घुसपैठियों को रोका, लेकिन पीछे हटने के बजाय उन्होंने सुरक्षाकर्मियों पर हिंसक हमला कर दिया। जब स्थिति बिगड़ी, तो घुसपैठियों ने बीएसएफ कर्मियों से हथियार छीनने का प्रयास किया। जवाब में, एक बीएसएफ जवान ने आत्मरक्षा में एक गैर-घातक पंप एक्शन गन (पीएजी) राउंड फायर किया, जिससे एक बांग्लादेशी नागरिक घायल हो गया। बीएसएफ की विज्ञप्ति में कहा गया है, घायल बीएसएफ जवान और बांग्लादेशी घुसपैठिए दोनों को तुरंत चिकित्सा उपचार के लिए ले जाया गया और वर्तमान में उनका संबंधित अस्पतालों में इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है, और आगे के विवरण की प्रतीक्षा है।

मुंबई पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों पर कार्रवाई की इस बीच, एक अलग घटनाक्रम में, मुंबई पुलिस ने पुलिस उपायुक्त डॉ. प्रवीण मुंधे के निर्देशन में महाराष्ट्र के कई इलाकों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया और 16 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा। पुलिस के एक बयान के अनुसार, मुंबई जोन-1 के अंतर्गत पुलिस स्टेशनों की 14 टीमों ने मानखुर्द, वाशी नाका, कलंबोली, पनवेल, कोपरी ठाणे, कल्याण और मुंब्रा में तलाशी अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बिना किसी पूर्व रिकॉर्ड वाले लोगों के खिलाफ नए मामले दर्ज किए हैं, जबकि बार-बार अपराध करने वालों के खिलाफ मौजूदा आरोपों में यह मामला भी जोड़ा जाएगा। क्षेत्र में अवैध आव्रजन गतिविधियों की जांच अभी भी जारी है।

### उत्तराखंड-बचाव अभियान जारी रहने के बावजूद 4 व्यक्तियों की मौत, पांच अभी भी लापता

उत्तराखंड- उत्तराखंड के बद्रीनाथ में माणा गांव के पास एक उच्च ऊंचाई वाले सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) शिविर पर हिमस्खलन के एक दिन बाद, कम से कम चार घायल मजदूरों को मृत घोषित कर दिया गया है, जबकि अन्य का सेना के अस्पताल में इलाज चल रहा है, भारतीय सेना ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। शेष पांच कर्मियों को बचाने के लिए अभियान अभी चल रहा है। बचाए गए मजदूरों को गंभीर स्वास्थ्य सेवा के लिए जोशीमठ ले जाने के लिए कुल छह हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं।

**फिसली बीजेपी महापौर की जुबान, दोबारा लेनी पड़ी शपथ**

## मैं भारत की संप्रदायिता तथा अखंडता अक्षुन्न रखूंगी



बिलासपुर(आरएनएस)। बिलासपुर की नवनिर्वाचित महापौर पूजा विधानी को उस वक्त शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा, जब शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उनकी जुबान फिसल गई और उपस्थित लोग असमंजस की स्थिति में आ गए। शुक्रवार को शपथ लेते समय विधानी ने गलती से संप्रभुता के बजाय संप्रदायिकता शब्द का इस्तेमाल कर लिया था। हालाँकि, अधिकारियों द्वारा उसे तुरंत ठीक कर लिया गया। इसके बाद फिर से उन्हें दूसरी बार शपथ दिलाई गई।

विधानी ने कहा, मैं भारत की संप्रदायिता तथा अखंडता अक्षुन्न रखूंगी, जिसके बाद कलेक्टर को उन्हें सुधारने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा, हालांकि उन्होंने शपथ जारी रखी। यह घटना मुंगेली नाका मैदान में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान हुई, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू भी मौजूद थे। बिलासपुर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने विधानी और 70 पार्षदों को शपथ दिलाई।शपथ लेते समय भाजपा नेता विधानी ने कहा, मैं भारत की सांप्रदायिकता तथा अखंडता अक्षुण्ण रखूंगी। इस बीच जिलाधिकारी ने हस्तक्षेप कर उन्हें सुधारने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने शपथ पूरी की। कुछ ही मिनटों बाद उन्हें दूसरी बार शपथ लेनी पड़ी। राज्य में हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनावों के नतीजे 15 फरवरी को घोषित किए गए। इस चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा ने राज्य के अधिकांश नगरीय निकायों में जीत हासिल की है। पार्टी ने उन सभी 10 नगर निगमों में महापौर पद जीते, जहां चुनाव हुए थे।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना रांझी में मुखबिर से सूचना मिली कि प्राची किराना दुकान के पास मुंडीटोरिया में एक व्यक्ति बड़े बड़े डीजे साउण्ड बाक्स एवं स्पीकर लगाकर जोर जोर से बजा रहा है जिसेस बहुत ध्वनि प्रदूषण हो रहा है इस समय बच्चों के स्कूल की परीक्षाऐं चल रहीं हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई प्राची किराना के पीछे मुंडीटोरिया में एक युवक डीजे साउण्ड बाक्स स्पीकर लगाकर तेज आवाज में बजाते मिला जिसने पूछने पर अपना नाम गोलू कोल उम्र 26 वर्ष निवासी प्राची किराना के पास मुंडीटोरिया बताया जिससे तेज आवाज में डीजे साउण्ड बजाने के संबंध में पर कोई अनुमति नहीं होना बताया आरोपी द्वारा जिला दण्डाधिकारी जबलपुर

# नानाजी ने युगानुकूल एवं देशानुकूल कार्य किया - मोहन नागर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नानाजी देशमुख प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान जबलपुर, एवं नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में नाना जी की पुण्यतिथि पर एक व्याख्यान कार्यक्रम विषय - समाज स्वावलंबन एवं समग्र ग्राम विकास, पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय सिविल लाइन जबलपुर के सभागार में आयोजित किया गया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान मोहन नागर जी, उपाध्यक्ष, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजेश शर्मा जी, डीन, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर, मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमान उमेश जी, प्रांत बौद्धिक प्रमुख, महाकौशल प्रांत, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर शोभा जावरे उपस्थित रहे



कार्यक्रम में मंचसीन अतिथियों ने नाना जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ शाल, श्रीफल से डॉ प्रदीप तिवारी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद डॉ विजय आनंद मरावी एवं डॉक्टर अजय तिवारी द्वारा किया गया कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर आशीष मिश्रा ने नानाजी देशमुख प्रशिक्षण एवं संस्थान द्वारा आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की

संस्थान के कोषाध्यक्ष डॉ विजय आनंद मरावी ने ट्रस्ट की वार्षिक गतिविधियों, कार्यक्रम एवं ट्रस्ट के सदस्यों का परिचय प्रदान किया व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीमान उमेश जी ने कहा कि नानाजी का जीवन चुनौतीपूर्ण रहा द्य आपने कहा कि शिक्षा जीवन मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए द्य आपने कहा क़ि जीवन मे स्व का भाव होना महत्वपूर्ण है नानाजी ने समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य किया ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थानीय संसाधनों के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मापदंड स्थापित किये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान मोहन नगर जी, उपाध्यक्ष, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने कहा कि नानाजी देशमुख ने दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन को चित्रकूट में क्रियान्वित किया इस हेतु नाना जी ने दीनदयाल शोध संस्थान की स्थापना की आपने कहा कि मैंने नाना जी से स्वावलंबन शिक्षा ग्रामीण विकास स्वास्थ्य एवं स्वरोजगार की शिक्षा उनके व्यावहारिक क्रियाकलाप से प्राप्त की नाना जी का बौद्धिक व्यावहारिक था आपने कहा की नानाजी ने योगानुकूल एवं देशानुकूल कार्य किया आपने सीप की कहानी सुना कर नानाजी क़ो समाज के मोती के रूप मे प्रस्तुत किया कार्यक्रम मे कर्नल विवेक मिश्रा, ऑफिसर कमांडिंग क़ि उपस्थिति मे सैन्य अधिकारी के रूप मे चयनित क्षात्राओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संस्थाओं के प्रतिनिधि छात्राएं एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रामकिंकर मिश्रा, डॉ प्रदीप तिवारी एड सचिन अग्रवाल , जय प्रकाश शुक्ला, डॉ अजय तिवारी विक्रम परमार, अवधेश पचौरी आशु सेठी का सहयोग रहा

कार्यक्रम का संचालन नानाजी देशमुख प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के सचिव डॉ आशीष मिश्रा ने किया एवं आभार डॉ आदित्य मिश्रा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ने प्रस्तुत किया

## महर्षि जाबालि स्मृति समारोह में व्याख्यान एवं रचना पाठ

# ऋषि जाबालि आज भी प्रासंगिक - डॉ दवे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। साहित्य अकादमी, मध्य- प्रदेश संस्कृति परिषद, म. प्र.शासन संस्कृति विभाग के द्वारा पाठक मंच केंद्र सिहोरा के सहयोग से सिहोरा में महर्षि जाबालि स्मृति समारोह का भव्य आयोजन हुआ इस आयोजन में महर्षि जाबालि पर व्याख्यान और रचना पाठ कार्यक्रम सम्पन्न हुए दीप प्रज्जवलन के पश्चात सुशील जैन के द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे के द्वारा आमंत्रितों के स्वागत के साथ अकादमी के उद्देश्यों पर चर्चा की गयी डॉ. विकास दवे का स्वागत डॉ अभिजात त्रिपाठी, पाठक मंच की संयोजक डॉ. अरुणा पाण्डे के साथ साथ पाठक मंच सिहोरा केन्द्र के सभी सदस्यों के द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी ने इतिहास और साहित्य पर बात करते हुए शोध की आवश्यकता पर बल दिया मुख्य वक्ता डॉ. अशोक गर्ग ने महर्षि जाबालि की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला डॉ अभिजात् कृष्ण त्रिपाठी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं

**कार्यक्रम के प्रथम चरण का संचालन साहित्यकार आशुतोष तिवारी ने किया**

द्वितीय चरण में आमंत्रित कवियों में वरिष्ठ साहित्यकार अश्विनी पाठक,श्री राज सागरी, सुरेश मिश्र विचित्र, डॉ उदय भानु तिवारी,विजय सागरी अजय मिश्रा प्रशांत गुप्ता रचना पाठ एवं कवि सम्मेलन का संचालन नारायण तिवारी ने किया स्थानीय कवियों में डॉ. प्रशांत मिश्रा, प्रियांशु तिवारी , नित्यानंद पाठक, सतीश आनंद, चंदन श्रीवास्तव चंदन, अनिल मिश्रा, अजय प्रताप सिंह,, अरुणा पाण्डे आदि ने अपनी रचनाओं का पाठ किया सभी का स्वागत अधिवक्ता रमेश पटेल, सुषमा खरे, आशा जैन, आशा अवस्थी, सुधा उपाध्याय, अखिलेश मांझी, इन्द्र सिंह राजपूत, नरेंद्र त्रिपाठी, अरविंद उपाध्याय, रवि दुबे, राजेंद्र दुबे आदि के द्वारा किया गया , प्रशंसा पायी कार्यक्रम के इस चरण का सुंदर संचालन नारायण तिवारी और मुकेश त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम में नंद कुमार परौहा,अभिमन्यु जैन, डॉ. अनंदी लाल कुर्मी, डॉ. अर्चना नामदेव, नितेश कोष्टा, डॉ. जय प्रकाश पाण्डे, डॉ. अंकित द्विवेदी, सी. एल. वर्मा,अनिल राजपूत,ऋतु राजपूत, अरविंद मिश्रा,साधना मिश्रा,अजय किशोर तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, रमेश पटेल, प्रभात कुररिया,सुधा पहारिया, रमेश पहारिया, अभय ब्योहार, विश्वजीत श्रीवास्तव, दीप्ति श्रीवास्तव, धर्मशीला दुबे, लक्ष्मी नारायण, रमाकांत पाठक, प्रदीप परौहा, विनीत मिश्रा, संदीप तिवारी, दिलीप पटेल, विष्णु पटेल, अर्जुन पंजाबी, विष्णु गुप्ता, श्वेता त्रिपाठी विनीता तिवारी, विजय अवस्थी,चंद्र माणि त्रिपाठी, विजय तिवारी, सुनील तिवारी,रमेश सेन बमचक आदि और महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे डॉ. अरुणा पाण्डे ने सबका आभार व्यक्त किया है

## बीना एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों से होकर गुजरेगी ग्वालियर-इंदौर-ग्वालियर परीक्षा स्पेशल अनारक्षित ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु ग्वालियर से इंदौर के बीच परीक्षा स्पेशल अनारक्षित ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के बीना एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहराव के साथ संचालित होगी।

ग्वालियर-इंदौर परीक्षा स्पेशल ट्रेन (13 ट्रिप्स)

गाड़ी संख्या 01825 ग्वालियर-इंदौर परीक्षा विशेष ट्रेन दिनांक 01 मार्च से 11 मार्च 2025 तक एवं 16 मार्च, 17 मार्च 2025 को ग्वालियर स्टेशन से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान कर, शाम 17:00 बजे बीना, रात 19:30 बजे संत हिरदाराम नगर और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन मध्य रात्रि 02:00 बजे इंदौर स्टेशन पहुंचेगी।

इंदौर-ग्वालियर परीक्षा स्पेशल ट्रेन (13 ट्रिप्स)

गाड़ी संख्या 01826 इंदौर-ग्वालियर परीक्षा विशेष ट्रेन दिनांक 02 मार्च से 12 मार्च 2025 तक एवं 17 मार्च, 18 मार्च 2025 को इंदौर स्टेशन से शाम 19:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मध्य रात्रि 00:15 बजे संत हिरदाराम नगर, भोर 03:00 बजे बीना एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 10:15 बजे ग्वालियर स्टेशन पहुंचेगी। हाल्ट- ग्वालियर, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ललितपुर, बीना, संत हिरदाराम नगर, उज्जैन एवं इंदौर। कोच संरचना- इस स्पेशल ट्रेन में 12 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी कोचों सहित कुल 14 कोचेस होंगे। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए परीक्षा स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

# एम.पी. ट्रांस्को के कार्मिकों ने सीखीं जीवन रक्षक तकनीक

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) एवं रेड क्रॉस सोसायटी व स्थानीय जिला चिकित्सालयों ,मेडिकल कॉलेजों के सहयोग से मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के जिला मुख्यालयों में स्थित ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभागों, सबस्टेशनों आदि में ''सी.पी.आर. एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों'' पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जा रहें है। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला एम.पी. ट्रांसको एवं छिंदवाडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के संयुक्त तत्वावधान में छिंदवाडा में आयोजित की गई।



चंदन गांव छिंदवाडा स्थित एम.पी. ट्रांस्को के कार्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला में कंपनी के परीक्षण संभाग छिंदवाडा एवं अति उच्चदाब संधारण उपसंभाग छिंदवाडा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो को छिंदवाडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के डॉ. अश्विनी पटेल एवं डॉ. उमेश शिवहरे द्वारा व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यपालन अभियंता श्री दीपक पारधी एवं सहायक अभियंता सुश्री अंजु धुर्वे के सतत् प्रयासों से आयोजित कंपनी के कार्मिकों एवं समाज के लिए बहुउपयोगी एवं जीवनरक्षक इस कार्यशाला के सफल आयोजन में एम.पी. ट्रांसको के करीब 30 मेंटनेन्स, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने हिस्सा लिया। सी.पी.आर. प्रशिक्षण हेतु उपयोग किये जाने वाले मानव पुतले एवं कुछ वीडियों की सहायता से सी.पी.आर. तकनीक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। ।

## एड्वोकेट रूपेश कुमार गुप्ता सचिव पद पर विजय हुए



जबलपुर-दोसर वैश्य शाखा सभा जबलपुर के मंत्री एड्वोकेट रूपेश कुमार गुप्ता पिता एड रमेश चंद्र जी गुप्ता टैक्स बार एसोसिएशन, जबलपुर के वर्ष 2025- 27 के चुनाव में सचिव पद पर विजय हुए हैं , इसके पूर्व भी वर्ष 2019 - 21 में आप डायरेक्टर पद पर चयनित हुए थे । श्री दोसर वैश्य शाखा सभा,जबलपुर आपका हार्दिक अभिनंदन करती है ।

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 195 2024-2025 दिनांक 26/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती तमन्ना, पति- मोहम्मद शमीम** ने खसरा क्रं. 227/1 का भाग , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360199 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -1. मोहम्मद शाहिद अंसारी, पिता- नजीर उल्ला, 2. श्रीमती शाहणा अंसारी, पति- श्री मोहम्मद साजिद अंसारी **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 2000 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/697/ दिनांक 28.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नीता वाधवानी, पति - रूपेश कुमार वाधवानी** ने मकान नं. 431,432, 433 पिन नं.1000468625 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 714 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 714 व.फु., **शपथपत्र, विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 431,432, 433 प्रेम किराना स्टोर्स के पीछे पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/696/ दिनांक 28.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री महेन्द्र सिंह, पिता- स्व. श्री गुलाब सिंह** ने मकान नं. 2945 का भाग पिन नं.1000468836 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 825 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 450 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आपसी बटवारा नामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2945 का भाग चौरसिया होटल सरकारी कुआं, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/322/ दिनांक 28.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **डॉ. श्री सुमित असरानी, पिता- डॉ. सतीश एवं श्रीमती नेहा खेमचंदानी, पति- डॉ. श्री सुमित** ने भवन क्रंमाक. प्लॉट नं. 1 **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** प्लाट 1609 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. प्लॉट नं. 1 **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती मधु अग्रवाल, पति श्री शशिकान्त के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/321/ दिनांक 28.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **डॉ. श्री विशाल असरानी, पिता- डॉ. सतीश एवं श्रीमती खुश्बू खूबचंदानी, पति- डॉ. श्री विशाल** ने भवन क्रंमाक. प्लॉट नं. 2 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** प्लाट 1687 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. प्लॉट नं. 2 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार-श्रीमती मधु अग्रवाल, पति श्री शशिकान्त के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/320/ दिनांक 28.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुनीता केमतानी, पति श्री नरेश केमतानी** ने भवन क्रंमाक. 2935/1/स-1 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** भूतल 1349 व.फु., प्रथमतल 1008 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 2935/1/स-1 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री धीरज ग्रोवर, पिता- स्व. श्री महेश, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/319/ दिनांक 28.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री झामनदास बजाज, पिता स्व. श्री मूलचन्द एवं श्रीमती हर्षा बजाज, पति श्री झामनदास** ने भवन क्रंमाक. 3050/4 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** भूतल 468 व.फु., प्रथमतल 468 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 3050/4 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- डॉ. शरद राठी, पिता श्री जगदीश बाबू के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .116 दिनांक - 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती सरला सिंघई, पति- स्व. श्री रविन्द्र कुमार सिंघई, 2. श्रीमती रश्मि, पति श्री सत्येन्द्र जैन, 3. श्रीमती सलोनी, पति श्री विश्वास शाह,** ने भवन क्रं. 33 **वार्ड जवाहरगंज वार्ड,** भूतल 1310 व.फु. व्या., प्रथमतल 1250 व.फु. आ., द्वितीयतल 1250 व.फु. आ., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 33 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री रविन्द्र कुमार सिंघई, पिता स्व. श्री डॉ. देवकुमार सिंघई, भवन क्रं. 33 पिन नं. 1000391915/ 41400101 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/302 जबलपुर दिनांक 27.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री एस.के. सायदुल, पिता- श्री एस.के. मोसारफ अली** ने मकान नं. प्लाट नं. 11/8ए **वार्ड पं. गोविन्द बल्लभ पंत** पिन नं. 1002227336, क्षेत्रफल 551 व.फु., भूतल 551 व.फु., प्रथमतल 551 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/301 जबलपुर दिनांक 27.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रूकमणी पटेल, पति श्री हीरा लाल पटेल,** ने मकान नं. 3622/पी- 37 **वार्ड डॉ. राममनोहर लोहिया** पिन नं. 1000355501, क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1100 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 412 दिनांक 28.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **पुष्पा करवाल, पिता- स्व. श्री देवराज करवाल** ने मकान नं. 1588/1 सम्पत्ति पिन नं. 1000606680 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 2160 व.फु., भूतल 1325 व.फु., प्रथमतल 1416 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 414 दिनांक 28.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती हरमिन्दर सन्धु, पति श्री तरनजीत सिंह सन्धु** ने मकान नं. डी- 01 सम्पत्ति पिन नं. 1000494923 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** चतुर्थतल 771 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 413 दिनांक 28.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री मिलिंद श्रोती, पिता श्री राम कुमार श्रोती** ने मकान नं. फ्लैट नं. 405 सम्पत्ति पिन नं. 1000605834 **वार्ड विवेकानंद-21 वार्ड ,** चतुर्थतल 772 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 411 दिनांक 27.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्री मुकेश साहू, पिता- स्व. श्री श्याम सुन्दर साहू, 2. श्री आर्यन साहू, पिता- श्री मुकेश साहू,** ने मकान नं. 276/3 सम्पत्ति पिन नं. 1000607899 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 809 व.फु., भूतल 500 व.फु., प्रथमतल 500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 410 दिनांक 26.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्रीमती ज्ञान देवी पटेल, पति- श्री सुग्रीव प्रसाद पटेल, 2. श्री ब्रजेश पटेल, 3. निशा पटेल, 4. लता शर्मा, 5. अर्चना पटेल, सभी के पिता स्व. श्री सुग्रीव प्रसाद पटेल** ने मकान नं. 239/3 सम्पत्ति पिन नं. 1000604270 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** भूतल 750 व.फु., प्रथमतल 200 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, न्यायालय आदेश,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**



भोपाल-खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम् में 01 मार्च से तथा शेष संभाग में 17 मार्च से खरीदी के निर्णय में बदलाव करते हुये राज्य सरकार ने किसानों की मांग पर पूरे प्रदेश में एक साथ 15 मार्च से ही खरीदी करने का निर्णय लिया है। श्री राजपूत ने बताया कि वर्तमान में गेहूं की फसल कटाई पूर्ण नहीं होने तथा मंडियों में आ रहे गेहूं में समर्थन मूल्य उपार्जन हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित नमी के प्रतिशत से अधिक होने के कारण किसानों को असुविधा से बचाने यह निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है।






## सागर-दमोह रोड को फोर लाइन बनाया जाएगा -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# बुंदेलखंड वीरों की धरती, वीरों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर के गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय सांस्कृतिक रहस'' मेले में आयोजित किसान महा सम्मेलन में कहा कि बुन्देलखण्ड वीरों की धरती है। वीरों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने किसानों के लिए बड़ी सौगात देते हुए कहा कि सरकार अब किसान भाईयों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदेगी। उन्होंने कहा कि सागर-दमोह रोड को फोरलेन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से 5 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा सीमा पर जवान और खेत पर किसान को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। किसान की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में बुंदेलखंड की लाखों हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जमीन बचाकर रखें, उन्हें उनकी जमीन का पूरा लाभ मिलेगा और उनकी कृषि समृद्ध होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव के किये कार्यों का प्रभाव है कि काम के बल पर ही आज वो लगातार 9 बार से अपराजेय राजनेता बने हुए हैं। सरकार प्रदेश में बहनों को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि जहाँ सरकार बहनों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है, वहीं पूर्व मंत्री श्री भार्गव के द्वारा 21 हजार से अधिक बेटियों की शादी कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभी तक मैंने 9 रस ही देखे थे आज मैंने 10वां रस भी देख लिया। इस रहस मेला के आनंद में जो 10वां रस मिला है वह अद्भुत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार इस वर्ष किसान भाइयों का गेहूं 2600 रुपए प्रति क्विंटल खरीदेगी और अगले वर्ष यह बढ़ाकर 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने का मैं वादा करता हूं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार चावल पर 2000 रुपए प्रति हैक्टेयर बोनस दिया जाएगा। इसी प्रकार दूध का उत्पादन करने वालों को भी बोनस दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के सपने को प्रधानमंत्री श्री मोदी पूरा कर रहे हैं। इसमें केन-बेतबा लिंक परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार महाराष्ट्र सरकार से मिलकर भी नदी जोड़ो अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने फूड इंडस्ट्रीज लगाने वालों को सरकार 40 प्रतिशत सब्सिडी देगी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक युवाओं की आबादी वाला देश है। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी सभी योजनाएं जारी रहेंगी। उन्होंने सागर के संपूर्ण विकास के लिये संकल्प लेते हुए कहा कि इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के हित के लिए लगातार कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। किसान खुशहाल होगा तो देश और प्रदेश खुशहाल होगा। किसानों को योजनाओं का लाभ देने के लिए किसान मेला एवं कार्य-शालाओं का लगातार आयोजन किया जा रहा है।

दमोह सांसद श्री राहुल सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सरकार मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार नवाचार कर रही है। देश एवं विदेश के उद्योगपतियों को भोपाल-जीआईएस में आमंत्रित कर उद्योगों की नगरी बनाने के लिए बुंदेलखंड, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर में रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर क्षेत्र को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने कहा रहस मेला'' 220 वर्ष पुराना मेला है। वर्ष 1990 में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा ने कहा था इस मेले को और आगे बढ़ाएं। हमने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पटवा को मेले का पूरा इतिहास बताया, तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री पटवा ने मेले को और समृद्ध बनाने के लिए निर्देशित किया था। विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने कहा कि विलुप्त हो रहे मेलों को आगे बढ़ाने का कार्य सरकार कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने रहस मेले'' को भव्य और दिव्य बनाने के लिए लगातार कार्य किया है। विधायक श्री भार्गव ने कहा कि मैं रहूँ या न रहूँ'' यह रहस मेला हमेशा चलता रहेगा। इस अवसर पर मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद श्रीमती लता वानखेडे, विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल थे। मेला अध्यक्ष श्री अभिषेक दीपू भार्गव ने स्वागत भाषण में मेले की विस्तार से जानकारी दी।

## मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने की तैयारियों की समीक्षा

# 42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप-भोपाल के बड़े तालाब पर होगा 25 राज्यों की रोइंग टीमों का महामुकाबला



भोपाल (आरएनएस) सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर 42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि खिलाड़ियों और कोच के ठहरने, भोजन, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही, प्रतियोगिता का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बोट क्लब सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक खेल प्रेमी इस रोमांचक मुकाबले का आनंद ले सकें। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी.एल. यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि बड़े तालाब स्थित मध्यप्रदेश राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब पर 3 मार्च से 7 मार्च तक 42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 मार्च को प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, सेलिंग और स्लालम खेलों की विशेष प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर खेल प्रेमियों को जल क्रीड़ा का अद्भुत नज़ारा देखने को मिलेगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि चैंपियनशिप में 25 राज्यों से लगभग 500 प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें रोइंग के कुल 14 इवेंट होंगे। यह चैंपियनशिप देश के शीर्ष रोवर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। 42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में सीनियर पुरूष, सीनियर महिला और पैरा रोइंग स्पर्धाओं के अंतर्गत विभिन्न प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित की जाएँगी। सभी स्पर्धाएं 2000 मीटर की दूरी पर आयोजित की जाएँगी। सीनियर मेन्स वर्ग में सिंगल स्कल्स , डबल स्कल्स , कॉक्सलेस पेयर्स , कॉक्सलेस फोर्स लाइटवेट मेन डबल स्कल्स , ओपन डबल स्कल्स ( सिविलियन), कॉक्सलेस फोर्स सिविलियन), क्वाड्रपल स्कल्स और कॉक्स्ड ईट्स शामिल हैं।

## चिकित्सा महासंघ के प्रतिनिधियों ने पुनरीक्षित वेतनमान तथा एनपीए गणना प्रावधानों के लिये उप मुख्यमंत्री शुक्ल का व्यक्त किया आभार

# चिकित्सकीय समुदाय के हितों के संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध-उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने और स्वास्थ्य मानकों में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाने के लिए कृत-संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश ने ऊर्जा, स्वच्छता, कृषि और सिंचाई जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि चिकित्सा शिक्षकों एवं चिकित्सकों के समर्पित प्रयासों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी यह लक्ष्य हम अवश्य प्राप्त करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से भोपाल स्थित निवास कार्यालय पर चिकित्सा महासंघ के प्रतिनिधियों ने भेंट कर आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सकीय समुदाय के हितों के संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनकी सुविधाओं एवं हितों की रक्षा हेतु आवश्यक प्रावधान किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा कार्मिकों की सेवा संबंधी विषयों और अन्य समस्याओं के समाधान के लिये उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं



चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति नियमित रूप से बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण और चिकित्सकीय कार्मिकों के हित संरक्षण से संबंधित विषयों पर चर्चा करेगी और आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करेगी, जिन पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा कुशल चिकित्सकीय मैन पॉवर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने चिकित्सा महासंघ के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे सभी चिकित्सा कार्मिकों को स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा प्रदाय के लिए प्रेरित करें।

चिकित्सा महासंघ के प्रतिनिधियों ने चिकित्सा महाविद्यालयों एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के शासकीय एवं स्वशासी चिकित्सा शिक्षकों और दंत चिकित्सकों को पुनरीक्षित वेतनमान (सातवें वेतनमान) का वास्तविक लाभ 1 जनवरी 2016 से प्रदान करने तथा एनपीए (नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस) की गणना सातवें वेतनमान के अनुरूप करने के आदेश के लिए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का आभार जताया। इस अवसर पर चिकित्सा महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीय, डॉ. गजेंद्र नाथ कौशल, डॉ. रितेश तंवर, डॉ. अशोक ठाकुर, डॉ. महेश कुमार खाचरिया, डॉ. शमिख रज़ा, डॉ. आदित्य सक्सेना, डॉ. राहुल रोकड़ें, डॉ. नीरज खरे, डॉ. राजेश टिक्कस, डॉ. अनुराधा चौधरी, डॉ. पुनीत कुमार आचार्य, डॉ. जी. पी. भनारिया, डॉ. विवेक चौकसे सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बैंक गबन का मामलाः पांच अफ़सरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

ग्वालियर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के ग्वालियर में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में करोड़ों के गबन के पांच आरोपियों के खिलाफएफ्आईआर दर्ज हुई है। एसबीआई में गबन मामले की जांच अब करेगी। दरअसल मामला एसबीआई हजीरा इंडस्ट्रियल क्षेत्र ब्रांच का है। बैंक के पांच अफ़्सरों पर गबन का आरोप है। इन लोगों ने एक करोड़ 68 लाख रुपये का गबन किया है। एसबीआई बैंक के अफ़्सर वरुण पाराशर, विजेंद्र सिंह बेस, शरद टन्डन, सोनम शेजवाल और तेजन अग्रवाल के खिलाफएफ्आईआर दर्ज की गई है।

### मध्य क्षेत्र में अब तक 6 लाख 73 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

भोपाल (आरएनएस) राज्य की लाभकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप से भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया में अब तक 06 लाख 73 हजार 534 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है। कंपनी ने बताया है कि नर्मदापुरम ग्रामीण क्षेत्र में 71 हजार 940, बैतूल ग्रामीण में 91 हजार 012, राजगढ़ ग्रामीण में 51 हजार 223, शहर वृत्त भोपाल में 61 हजार 271, भोपाल ग्रामीण में 38 हजार 656, गुना ग्रामीण में 32 हजार 353, विदिशा ग्रामीण में 49 हजार 230, सीहोर ग्रामीण में 24 हजार 130, ग्वालियर ग्रामीण में 21 हजार 086, शहर वृत्त ग्वालियर में 46 हजार 642, अशोकनगर ग्रामीण में 25 हजार 737, दतिया ग्रामीण में 25 हजार 233, रायसेन ग्रामीण में 44 हजार 009, शिवपुरी ग्रामीण में 25 हजार 791, हरदा ग्रामीण में 20 हजार 964, श्योपुर ग्रामीण में 09 हजार 652, मुरैना ग्रामीण में 23 हजार 730 एवं भिण्ड ग्रामीण में 10 हजार 875 बिजली उपभोक्ताओं की केवायसी की गई है।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने वार्ड 13 में लगभग 1.42 करोड के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

# जारी रहेगी उपनगर ग्वालियर में विकास की श्रृंखला - ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल-(आरएनएस)ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। यहां की बस्तियों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल व सीवर जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। मंत्री श्री तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड 13 में लगभग एक करोड़ 42 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों के भूमि-पूजन अवसर पर यह बात कही। उन्होंने आम लोगों से शहर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग देने की भी अपील की। मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 13 में एक करोड 41 लाख 50 हजार रूपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। जिसमें समुदायिक भवन कोटा वाला मोहल्ला लागत राशि 10 लाख रूपये, सी.सी. रोड तानसेन नगर ई. ब्लॉक में लागत राशि 12 लाख 50 हजार रूपये, सी.सी. रोड लोहा मण्डी एवं तानसेन नगर बी. ब्लॉक राशि 5 लाख रूपये, नाली एवं सी.सी. मरम्मत कार्य विभिन्न गलियों में लागत राशि 10 लाख रूपये, सी.सी. रोड लोहा मण्डी ग्यासी आटा चक्की कोटा वाला मोहल्ला, पवन उपाध्याय की गली, फोर्ट रोड, दयाल स्टूडियो वाली गली, मायाचन्द धर्मशाला के पीछे, हजीरा अलीगढ़ मिष्ठान भण्डार के बगल वाली गली लागत राशि राशि 33 लाख रूपये, तानसेन नगर, सी.सी. रोड लागत राशि 20 लाख रूपये, सी.सी. रोड तानसेन नगर, डॉ. सोनकर की गली लागत राशि 9 लाख रूपये, सी.सी. रोड तानसेन नगर, आजाद त्रिपाठी वाली गली लागत राशि राशि 22 लाख रूपये एवं सी.सी. रोड तानसेन नगर राजीव कुशवाह वाली गली में 20 लाख रूपये की राशि से निर्माण कार्य शामिल हैं। भूमि-पूजन के अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिधि सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।



### पांच हजार में बैंक खाते खरीदकर 6 गुना दाम में ठगों को बेचा, 13 खातों में 8 करोड़ से अधिक का लेनदेन

भोपाल (आरएनएस)। साइबर ठगों को बैंक खाते बेचने वाले एक गिरोह को भोपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरोह का सरगना पांच-पांच हजार रुपये का लालच देकर लोगों से बैंक खाते खुलवाकर उन्हें खरीदता था। फिर उन खातों को 30-30 हजार रुपये में बिहार के बेतिया में बैठे साइबर ठगों को बेच देता था।

जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय तरुण राय हबीबगंज क्षेत्र की श्यामनगर मल्टी में परिवार के साथ रहता है। छह महीने पहले वह टेलीग्राम के जरिए साइबर ठगों के संपर्क में आया था।

ठगों ने उससे बैंक खाते खरीदकर उन्हें उपलब्ध कराने के बदले मोटी रकम का प्रस्ताव दिया, जिसके बाद तरुण ने अपने परिचितों से बैंक खाते खुलवाने की पेशकश की और उन्हें पांच हजार रुपये का झांसा भी दिया।

पुलिस ने मुख्य आरोपी तरुण राय उसके साथी अजय राय और करण वाल्मिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को अब तक 13 बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिसमें करीब आठ करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन मिला है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह और बड़ा हो सकता है। उसके अन्य सहयोगियों और इनके खरीदे-बेचे गए खातों का ब्यौरा तलाशा जा रहा है।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था के उत्कृष्ट संचालन के लिए पूर्व डीजीपी सक्सेना हुए सम्मानित भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदान किया प्रशंसा पत्र



भोपाल (आरएनएस) लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मध्यप्रदेश में सुचारू और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इसे संपन्न कराने में पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना और आईजी, स्टेट पुलिस नोडल अधिकारी (कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा) श्री अंशुमान सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

महत्वपूर्ण भूमिका के निर्वहन के लिए पूर्व डीजीपी श्री सक्सेना और आईजी श्री सिंह को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रशंसा-पत्र को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखवीर सिंह द्वारा दोनों अधिकारियों को प्रदान किया गया।

मुख्य निवार्चन पदाधिकारी श्री सुखवीर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 में पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना एवं पुलिस महानिरीक्षक, स्टेट पुलिस नोडल अधिकारी (कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा) श्री अंशुमान सिंह की कुशल नेतृत्व क्षमता और प्रभावी कार्यशैली से प्रदेश में स्वतंत्र, निर्बाध, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई थी। कानून व्यवस्था का प्रभावी ढंग से संचालन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दोनों पुलिस अधिकारियों को प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया है। इस दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री बसंत कुर्रे उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश कौशल विकास के माध्यम से व्यापार अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध- मंत्री टेटवाल

भोपाल-(आरएनएस) मध्यप्रदेश कौशल विकास को आर्थिक विकास का एक प्रमुख आधार बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। प्रदेश के युवा वर्ग को उद्योग जगत की मांग के अनुसार एडवांस ट्रेड में प्रशिक्षण देने के लिए कई नवा चार किए जा रहे हैं। जीआईएस-भोपाल में कौशल विकास और रोजगार विभाग ने कौशल प्रशिक्षण के लिए 8 एमओयू किए हैं। प्रदेश में निवेश बढ़ाने के साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देकर नीतियां बनाई जा रही हैं। यह बात कौशल विकास और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने 5वें एपीएसी राष्ट्रीय कौशल कॉन्क्लेव में कही। मंत्री श्री टेटवाल ने प्रदेश सरकार की ओर से व्यापार अनुकूल माहौल विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई और निजी क्षेत्र के साथ सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही कौशल से सशक्त बनाना उनकी रोजगार और उद्यमिता सफलता के लिए




अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री श्री टेटवाल ने उद्योग-उन्मुख कौशल, तकनीकी विशेषज्ञता और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिससे राज्य के युवा वैश्विक अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकें। प्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और उनकी कौशल क्षमता को उन्नत करने के लिए निजी क्षेत्र के साथ मिलकर काम कर रही है। संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क के सीईओ श्री गिरीश शर्मा ने राज्य में ह्यूमन कैपिटल (मानव संसाधन) पर किए जा रहे निवेश पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों और स्थानीय संस्थानों में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के माध्यम से उद्योग-केंद्रित कार्य बल तैयार किया जा रहा है, जो राज्य के औद्योगिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। कॉन्क्लेव में एचपीसीएल, टाटा पॉवर, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और जेबीएम ग्रुप जैसी अग्रणी कंपनियों के उद्योग विशेषज्ञों और एचआर प्रमुखों ने भाग लिया। उन्होंने नए युग की कार्यशैली के अनुरूप कौशल विकास की रणनीतियों और जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों के संदर्भ में प्रतिभा बनाए रखने की चुनौतियों पर चर्चा की। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि शैक्षणिक संस्थानों को अपने पाठ्यक्रम को उद्योग की मांगों के अनुरूप बनाना होगा, जिससे स्नातकों को प्रशिक्षित कर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके। विभिन्न सेक्टर स्किल काउंसिल्स और विश्वविद्यालयों के शिक्षाविदों ने सेक्टर-विशिष्ट कौशल अंतर को दूर करने और छात्रों को वैश्विक रोजगार बाजार के लिए तैयार करने पर चर्चा की। कुलपतियों ने इस विषय पर अपने विचार साझा किए कि छात्रों को उद्योग-उन्मुख शिक्षा प्रदान कर उन्हें वैश्विक मानकों के अनुसार तैयार किया जाए। एपीएसी राष्ट्रीय कौशल कॉन्क्लेव ने सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। कॉन्क्लेव में उद्योग, शिक्षा और सरकारी क्षेत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों और विषय विशेषज्ञों ने वैश्विक रोजगार बाजार की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार कौशल विकास के महत्व पर चर्चा की। कॉन्क्लेव के माध्यम से कौशल विकास के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। मध्यप्रदेश एक कुशल कार्य बल केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है, सरकार की यह प्रतिबद्धता राज्य के आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## मित्रता की नई शुरुआत

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्टपति पद का कार्यभार संभालने के बाद वैश्विक स्तर पर नई शक्ति समीकरण बन रहे हैं। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिका और रूस के राजनीतिकों के बीच हुई वार्ता दो पूर्व शत्रु देश के दरम्यान मित्रता की नई शुरु आत के संकेत हैं। 2022 में रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पहली बार अमेरिका और रूस वार्ता की मेज पर आमने-सामने आए हैं। रूस के विदेश मंत्री सग्रेई लावरोव और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियों ने अपने-अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। वार्ता मुख्यत: दो बिंदुओं पर केंद्रित थी। एक, रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्ति की दिशा में आगे कैसे बढ़ा जाए और दूसरे, अमेरिका और उसके बीच आर्थिक सहयोग के रास्ते तलाश जाएं। वार्ता में किसी तरह का प्रतिरोध पैदा नहीं हुआ और दोनों मुद्धों पर परस्पर सहमति के साथ आगे बढने् का संकेत भी मिला। आने वाले दिनों में अमेरिका और रूस के शीर्ष नेतृत्व के बीच मुलाकात की संभावना जताई जा रही है। राष्टपति ट्रंप का रूस के संबंध में उठाया गया यह कदम अमेरिका की पुरानी नीति से एकदम अलग है। ट्रंप के पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन का रणनीतिक लक्ष्य था कि रूस को सैनिक दृष्टि से कमजोर किया जाए। यह याद रखना चाहिए कि बाइडेन ने पुतिन को हत्यारा तानाशाह' कहा था और उसके खिलाफ यूक्रेन को भारी सैन्य और वित्तीय मदद पहुंचाई थी। अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। ट्रंप प्रशासन युद्ध के लिए यूक्रेन को दोषी ठहरा रहा है और उसे सुरक्षा गारंटी देने से भी इनकार कर दिया है। हैरत की बात यह है कि यूक्रेन को वार्ता की मेज पर बैठने की भी जगह नहीं दी गई है।

## ट्रंप-जेलेंस्की बहस को छोड़िये, चर्चा इस पर करिये कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने देश के साथ क्या किया

यूक्रेन में भी एक आपदा सरकार चल रही है जिसके राष्ट्रपति हैं वोलोदमीर जेलेंस्की। जेलेंस्की ने पद संभालने के बाद से अपने देश को आपदा में झोंक दिया। रूस के साथ तीन वर्ष से चल रहे युद्ध में यूक्रेन पूरी तरह तबाह हो चुका है। लाखों लोग मारे गये हैं, आधी जनता दूसरे देशों में भाग कर शरणार्थी जीवन गुजार रही है, सारे संसाधन तबाह हो चुके हैं लेकिन जेलेंस्की को युद्ध युद्ध खेलना अब भी अच्छा लग रहा है। वह अब भी कह रहे हैं कि संघर्षविराम के लिए राजी नहीं होंगे। देखा जाये तो इस युद्ध में यदि यूक्रेन को बड़ी शक्तियों का साथ नहीं मिलता तो वह दो दिन भी मैदान में नहीं टिक सकते थे लेकिन जेलेंस्की अब भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी भी देश के लिए उनकी मदद करते रहने की एक सीमा है। जेलेंस्की को समझना होगा कि दो देशों का युद्ध अगर तीसरे विश्व युद्ध में तब्दील हुआ तो पहले ही तमाम चुनौतियों से जूझ रही दुनिया के लिए मुश्किलें और बढ़ जायेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को ओवल ऑफिस में मुलाकात के दौरान जिस तरह खरी खरी सुनाई उसकी दुनियाभर में तारीफ हो रही है। हालांकि एक वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की ओर से जेलेंस्की के साथ किये गये बर्ताव को अमर्यादित बता रहा है लेकिन ऐसे लोगों को समझना होगा कि जेलेंस्की की सनक की सजा यूक्रेन के साथ ही पूरी दुनिया को भुगतने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

जहां तक ओवल ऑफिस में अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच हुई तीखी बहस की बात है तो आपको बता दें कि पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में हो रही बैठक में उस समय बड़ा विस्फोट हो गया जब वेंस ने रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने के लिए कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान ज़ेलेंस्की ने हाथ जोड़कर प्रतिवाद किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जेलेंस्की ने कहा कि आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं, जेडी? इस पर वेंस ने पलटवार करते हुए कहा, मैं उस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहा हूं जो आपके देश के विनाश को रोकेगी। इस दौरान ज़ेलेंस्की ने पुतिन के प्रति उनके नरम रुख को लेकर ट्रंप को खुली चुनौती दी और उनसे हत्यारे के साथ कोई समझौता नहीं करने का आग्रह किया। ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के हमारे बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया। उन्होंने कहा कि 2014 के दौरान किसी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नहीं रोका। उन्होंने लोगों को मार डाला। जेलेंस्की ने कहा कि 2019 में मैंने उनके साथ युद्धविराम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए मगर उन्होंने युद्धविराम तोड़ा, हमारे लोगों को मारा और कैदियों की अदला-बदली नहीं की इसलिए आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं? जेलेंस्की की बात का जवाब देते हुए, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, मैं उस कूटनीति की बात कर रहा हूँ जो देश के विनाश को समाप्त कर सकती है। जेडी वेंस ने कहा कि आपको अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा करना चाहिए क्योंकि अमेरिका के ओवल ऑफिस में आना और उस प्रशासन पर हमला करना अपमानजनक है जो आपके देश के विनाश को रोकने की कोशिश कर रहा है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं पुतिन या किसी और के साथ नहीं हूं, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हूं और दुनिया की भलाई के लिए संवाद में शामिल हूं। उन्होंने कहा कि पुतिन के लिए ज़ेलेंस्की के मन में जो नफरत है, उस तरह की नफरत के साथ समझौता करना बहुत मुश्किल है। ट्रंप ने कहा कि ज़ेलेंस्की को तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए, युद्ध विराम तुरंत हो सकता है। यदि आप युद्ध समाप्त करना चाहते हैं, तो आपको एक समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि ज़ेलेंस्की कहते हैं कि उन्हें युद्ध विराम नहीं चाहिए तो उन्हें अमेरिका के बिना लड़ना होगा और यदि वे अमेरिका के बिना लड़ते हैं, तो ये आसान नहीं होगा क्योंकि हमारे बिना वे जीत नहीं सकते। उन्होंने कहा कि ज़ेलेंस्की को यह महसूस करने की जरूरत है कि वह युद्ध हार रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मैं अब और युद्ध नहीं लड़ना चाहता। ट्रंप ने जेलेंस्की के प्रति तीखा रुख दिखाते हुए उन पर लाखों लोगों का जीवन खतरे में डालन का आरोप लगाया और कहा कि उनकी कार्रवाई से तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता था। हम आपको यह भी बता दें कि इस तीखी बहस को पूरी दुनिया में लोगों ने देखा।

## ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन

डा. जयंती लाल भंडारी

इन दिनों ग्रामीण भारत में परिवर्तन और किसानों के बदलते जीवन विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न अध्ययन रिपोटरे में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि भारत के ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है और इससे किसानों की आमदनी के साथ किसानों का जीवन स्तर भी बढ़ रहा है, लेकिन विकास की बहुआयामी चुनौतियां अभी बनी हुई हैं।

हाल में प्रकाशित मैकिन्से ग्लोबल फॉर्मर्स इनसाइट सर्वे, 2024 में कहा गया है कि भारतीय किसान तेजी से डिजिटल पेमेंट को अपना रहे हैं। वर्ष 2024 भारत में 40 फीसद किसान द्वारा रु पयों का भुगतान डिजिटल माध्यम से किया गया है, वहीं 2022 में 11 फीसद किसान डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल कर रहे थे। किसानों के बीच डिजिटल भुगतान का चलन बढ़ने का कारण सस्ता डाटा और यूपीआई सेवा को माना गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2022 में देश में फसल बीमा का इस्तेमाल करने वाले महज 8 फीसद किसान थे, वे 2024 में बढ़ कर 37 फीसद हो गए। इसमें सबसे अधिक योगदान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का है। यह भी पाया गया है कि 11 फीसद किसान 2024 में जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे थे जबकि 2022 में 2 फीसद किसान ही जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे थे।

इस रिपोर्ट का यह निष्कर्ष भी महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय किसान औपचारिक ऋृण की ओर बढ़ रहे हैं। 2024 में 36 फीसद किसानों ने बैंक से कर्ज लिया जो 2022 में केवल 9 फीसद था। वहीं, 26 फीसद किसानों ने सब्सिडी वाले सरकारी ऋृण का उपयोग किया जबकि 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ 1 फीसद था। रिपोर्ट ने यह भी बताया कि भारत के 53 फीसद किसान फसल चक्रीकरण जैसे टिकाऊ खेती के तरीकों को अपनाने के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं।

## बेटे निशांत कुमार की लॉन्चिंग को तैयार हैं नीतीश कुमार, सही मौके का इंतजार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार लगातार अपने बयानों से यह संकेत दे रहे हैं कि वे बिहार की सक्रिय राजनीति में उतरने को तैयार हैं। निशांत के बयानों पर नीतीश कुमार की चुप्पी भी यही संकेत दे रही है कि बिहार के मुख्यमंत्री अपनी राजनीतिक विरासत और अपनी पार्टी- जनता दल यूनाइटेड दोनों को अपने बेटे के हाथ में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं।

नीतीश कुमार की चुप्पी और निशांत कुमार के बयानों के कई मतलब और मायने भले ही निकाले जा रहे हो लेकिन राजनीति को सही ढंग से समझने वाला कोई भी जानकर यह बता सकता है कि पिता-पुत्र के मन में क्या चल रहा है।

नीतीश कुमार शुरू से ही परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ रहे हैं। कई बार तो वह सार्वजनिक मंच से परिवारवाद की राजनीति करने के लिए लालू यादव पर निशाना साध चुके हैं। यहां तक कि दशकों तक नीतीश कुमार किसी भी सार्वजनिक मंच पर अपने बेटे निशांत कुमार को अपने साथ नहीं ले गए। लेकिन पिछले कुछ दिनों से नीतीश कुमार और उनके बेटे निशांत कुमार की तस्वीरें लगातार सामने आ रही है। निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री को लेकर जेडीयू नेताओं के बयान भी लगातार आ रहे हैं।

दूसरी तरफ, जिन निशांत कुमार की तारीफ में यह बताया जाता था कि वह बहुत सादगी से रहते हैं, मीडिया की चकाचौंध से दूर रहते हैं। वही निशांत कुमार आजकल लगातार मीडिया के सामने आ रहे हैं। सबसे अधिक गौर करने वाली बात यह है कि वह मीडिया को गंभीर राजनीतिक मसलों पर बयान देकर, हंगामा भी खड़ा कर रहे हैं। एक पल के लिए यह माना जा सकता है कि अपने पिता को फिर से बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए वह बिहार के मतदाताओं से अपील कर रहे हैं लेकिन एनडीए गठबंधन को लेकर भी उनका बोलना यह दर्शाता है कि नीतीश कुमार उन्हें राजनीति में उतारने का फैसला कर चुके हैं, निशांत कुमार भी इसके लिए अपने आपको तैयार कर रहे हैं और अब लॉन्चिंग के लिए सही मौके का इंतजार किया जा रहा है।

जो बात नीतीश कुमार स्वयं अपनी जुबान से नहीं बोल पा रहे थे, उन्होंने वह बात अपने पुत्र निशांत कुमार की जुबान से बुलवाकर एक बड़ा राजनीतिक दांव खेल दिया है। निशांत कुमार ने एनडीए गठबंधन के सबसे बड़े दल भाजपा को नसीहत देते हुए कहा कि, 卐एनडीए भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करे। जेडीयू के तमाम नेता और कार्यकर्ता सभी मिलकर सीएम फेस घोषित करें। ताकि उनके नेतृत्व में विकास कार्य जारी रहे।卐

एक तरफ निशांत कुमार ने बीजेपी को एनडीए गठबंधन का नेता घोषित कर, विधानसभा चुनाव लड़ने की नसीहत दी तो वहीं दूसरी तरफ इशारों-इशारों में वह चिराग पासवान और प्रशांत किशोर जैसे नेताओं पर भी बड़ी बात कह गए। निशांत कुमार के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा कि, 卐वे मीडिया के माध्यम से राज्य के तमाम युवाओं से आह्वान करते हैं कि पिताजी ने विकास किया है तो, उनके लिए वोट करें। पिछली बार लोगों ने उन्हें 43 सीटें दे दी, फिर भी उन्होंने विकास का क्रम रुकने नहीं दिया।

## छान-छान, किसी की मत मान

नितिनमोहन शर्मा

हरिहर..बोलबाले भिया। कल आ रहे हो न? जमकर लगेंगे रगड़े।भरचक छनेगी भिया। आ जाओ हरि पर्वत । नि जमे तो वनखण्डी आ जाओ। दास बगीची आ जाओ नि तो बड़ी गंगा आ जाओ बॉस। छोटी गंगा में भी भरपल्ले तैयारी हैं। रगड़े तो पंचकुइया पर भी लगेंगे भिया और वीर गढ़ी पर भी। शंकर बाग भी आ सकते हो भिया। नि तो हठीले वीर आ जाना। बारामत्था को तो भूले नही न? आनंद यहां भी बरसेगा।भिया ये नाम अगर सम्पट नि बैठ रिये तो चिमनबाग पर विजय पे चले जाना। यहां इस ठिये पर इस बार रंगत ही अलग है भिया। नि तो अपनी मोरसली तो ये ही न? भिया कल अपने बाबा का दिन है न? कल तो भिया 5 टेम की छनना हैं। कई तो भिया सुबह ब्रह्ममहूर्त से ही बम लहरी हो जाएंगे। कई तो कल नाग बनकर घूमेंगे। नि समझे? अरे छनेगी ही इतनी कि सीधे तो चंल ही नि पाएंगे। नाग जैसे ही सड़क पर लहराते चलेंगे। भिया अपना इंदौर तो छानने घोटने वाला ही शहर था। न जाने किसकी नज़र लगी रे। अब तो दारू-दनगड़ और ड्रग की बुराई घर कर रही हैं। फ़िर भी भिया अपन का इंदौर तो आज भी भोलेनाथों का ही शहर हैं। भरोसा नि हो तो कल देख लेना।

## व्हेल की समुचित देखभाल और संरक्षण नितांत आवश्यक

योगेश कुमार गोयल

व्हेल विश्व का सबसे विशालकाय जलीय स्तनधारी प्राणी है, जिसके बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अभियान चलाए जाते हैं। नीली गहराइयों की प्रहरी व्हेल की समुचित देखभाल और संरक्षण करने का संकल्प लेने के उद्देश्य से हर साल विश्व व्हेल दिवस' भी मनाया जाता है, जो 16 फरवरी को मनाया गया। 17वीं सदी में कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा व्हेल का मांस, तेल व परफ्यूम बनाने के लिए बड़े पैमाने पर इसका शिकार किया जाने लगा। औद्योगिक पैमाने पर शिकार से इनकी कई प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय व्हेलिंग आयोग' के अनुमान के अनुसार दुनिया में डेढ़ मिलियन व्हेल बची हैं। 1986 में अंतरराष्ट्रीय व्हेलिंग आयोग ने व्हेल के व्यावसायिक शिकार पर प्रतिबंध लगाया था किंतु फिर भी व्हेल का शिकार हो रहा है। सदियों से मानव सभ्यता के साथ जुड़ी व्हेल का समुद्र में 5 करोड़ वर्षो से अस्तित्व माना जाता है। स्पर्म व्हेल, किलर व्हेल, पायलट व्हेल, बेलुगा व्हेल आदि कई प्रजातियां हैं, जिनमें धरती का सबसे विशाल और वजनदार प्राणी ब्ल्यू व्हेल को माना जाता है। 1909 में दक्षिण अटलांटिक महासागर के दक्षिण जॉर्जिया के समुद्र तट पर मिली 110 फुट लंबी नीली व्हेल अब तक की सबसे विशालकाय व्हेल है। ब्ल्यू व्हेल का वजन 200 टन यानी 1.81 लाख किग्रा. होता है, जो 98 फुट चौड़ी होती है, और गर्मी के मौसम में चार करोड़ किल (छोटे जलीय जीव) खा जाती है। इसके हृदय का वजन 600 किग्रा. और मस्तिष्क 7 किग्रा. का होता है जबकि जीभ का वजन 3000 किग्रा. होता है। ब्ल्यू व्हेल के शरीर में सात हजार किग्रा. रक्त होता है, और जब यह जीव महासागरों में घूमता है, तो बड़े-बड़े जहाज भी इसे देख रास्ता बदल लेते हैं।

व्हेल के व्यवहार को लेकर वैज्ञानिकों ने जो जानकारियां जुटाई हैं, उनके अनुसार यह जिंदादिल जीव है। जब इसके बच्चे का जन्म होता है तो नन्हे ब्ल्यू की लंबाई 20-25 फुट और वजन 2.7 टन होता है। बच्चा तेजी से बड़ा होता है, जिसका वजन प्रति दिन 90 किग्रा. तक बढ़ जाता है। 6 माह में ही बच्चा 40-50 फुट बड़ा हो जाता है। हालांकि विशालकाय होने के बावजूद व्हेल इंसानों के लिए खतरनाक नहीं होती। वैसे पिग्मी स्पर्म व्हेल जैसी छोटी प्रजातियां 11 फुट तक की ही होती हैं। व्हेल महासागरों के गहरे पानी में औसतन 40 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से कहीं से कहीं पहुंच जाती हैं, लेकिन बच्चे को जन्म देना होता है तो मादा ब्ल्यू व्हेल सागर में गर्म पानी वाले गहरे क्षेत्र में चली जाती हैं।

## मछुआरे नहीं बल्कि राजा की पुत्री थीं भीष्म पितामह की सौतेली मां सत्यवती

आज हम आपको सत्यवती के जन्म की कथा के बारे में बताने जा रहे हैं। यह कथा बहुत रोचक है। क्योंकि अधिकतर लोग सत्यवती को मछुआरे के मुखिया दासा की पुत्री के रूप में जानते हैं। लेकिन असल में रानी सत्यवती मछुआरे की नहीं बल्कि एक राजा की पुत्री थीं। महाभारत की कई कथाओं के बारे में तो हम सभी ने सुना है। लेकिन कई कथाएं ऐसी भी हैं, जो व्यक्ति को चकित कर सकती हैं। महाभारत काल में महाराज शांतनु की दूसरी पत्नी का नाम सत्यवती थी। ऐसे में आज हम आपको सत्यवती के जन्म की कथा के बारे में बताने जा रहे हैं। यह कथा बहुत रोचक है। क्योंकि अधिकतर लोग सत्यवती को मछुआरे के मुखिया दासा की पुत्री के रूप में जानते हैं। लेकिन असल में रानी सत्यवती मछुआरे की नहीं बल्कि एक राजा की पुत्री थीं। तो आइए जानते हैं सत्यवती के जन्म की कथा के बारे में... पौराणिक कथा के मुताबिक एक बार राजा सुधन्वा एक बार वन में शिकार खेलने गए। इसी दौरान उनकी पत्नी रजस्वला हो गई और उनके मन में गर्भधारण करने की इच्छा जागृत हुई।

## पाकिस्तान की तरह बर्बादी की ओर बढ़ता बांग्लादेश

कहते है कि 'जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की तरफ़ भागता है' भले ही यह एक मुहावरा है लेकिन बांग्लादेश पर खरा उतर रहा है, इसका मतलब है कि बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा। भारत से पंगा बांग्लादेश को महंगा पड़ेगा।

अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दु:खों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका साफ है। बांग्लादेश से हाल ही में आई रिपोर्ट चिंताजनक हैं। चल रहे राजनीतिक संकट और राज्य पुलिस की गिरावट ने अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं पर लक्षित हमलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा कर दी है। 1947 से, हिंदू आबादी 30 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत से भी कम हो गई है। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से स्थिति और खराब हो गई है, जो 2009 से सत्ता में थी। यह संकट पूर्वी पाकिस्तान और आधुनिक बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रत्यक्ष और गुप्त नरसंहार के लंबे इतिहास को दर्शाता है। मंदिरों और पवित्र स्थलों पर 200 से अधिक कथित हमलों सहित वर्तमान हिंसा एक बड़े, निरंतर कट्टरतावादी अभियान का हिस्सा है। हालिया संकट, जो जुलाई 2024 में कथित छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ था, उसकी गहरी ऐतिहासिक जड़ें हैं और यह दशकों से बढ़ते मुस्लिम कट्टता से जुड़े तनावों को दर्शाता है। भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। आज कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडरा रहा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम हो रही है और भारत से टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के ऐसे हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं।

मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और अवामी लीग जैसी पार्टियों ने कभी पसंद नहीं किया और अब आमजनता का भी पूरा साथ उनको नहीं मिल रहा है। स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के बैनर तले छात्रों ने अपना आंदोलन शुरू किया और शेख हसीना के तख्तापलट की वजह भी बना, तब उनकी मुख्य मांगों में रोजगार प्रमुख रहा, मगर यूनुस सरकार अब इस मोर्चे पर भी फिसड्डी साबित हुई है। उनकी कट्टरपंथी सोच और जिन्ना को राष्ट्रपिता बनाने जैसी पहल को देख उदारवादी छात्र खुद को छला हुआ महसूस करने लगे हैं, इस कारण विश्वविद्यालयों में हिंसा रूकने का नाम नहीं ले रही है। मोहम्मद यूनुस की अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कट्टरवादी सोच के कारण ही बांग्लादेश ने भारत से दूरियां बढ़ाई है। रस्सी जल गयी पर ऐंठन नहीं गयी की स्थिति में यूनुस भूल गये कि अभी भारत में नरेन्द्र मोदी जैसे कद्दावर एवं सूझबूझ वाले विश्वनेता का शासन है, भारत से दुश्मनी कितनी भारी पड़ सकती है, पाकिस्तान की दुर्दशा से समझा जा सकता है। पाकिस्तान भारत विरोधी अभियान को लेकर बांग्लादेश पहुंचा है। मान न मान, मैं तेरा मेहमान वाली स्थिति में अस्थिर बांग्लादेश में चीन एवं पाकिस्तान जैसी तमाम बाहरी ताकतें दखल देने की इच्छुक हैं।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप परिवारवालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से संबंधित हो सकती है।

मिथुन राशि: आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं,

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है।

सिंह राशि: आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जा सकता है, जो आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर करने जाने का प्लान बनाएंगे।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे।


वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नई खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे।

मकर राशि: आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा। आप उनके साथ कही घूमने का प्लान बनाएंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी।

मीन राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा।



मुंबई । अभिनेता-फिल्म निर्माता जॉन अब्राहम का कहना है कि उनके दो दशक से अधिक लंबे करियर में उन्हें अक्सर नजरअंदाज किया गया लेकिन दर्शकों ने उन्हें आगे बढ़ाया और वह इसका सम्मान करते हैं। अब्राहम ने कहा कि वह अच्छी फिल्में करके इसका बदला चुकाना चाहते हैं। वहधूम, रेस 2, सत्यमेव जयते, ढिशूम और पठान, गरम मसाला, दोस्ताना, हाउसफुल 2, वाटर, नो स्मोकिंग, न्यूयॉर्क, मद्रास कैफे, परमाणु और वेदा जैसी अलग-अलग तरह की फिल्मों में काम कर चुके हैं।

# परिणीति चोपड़ा की पहली वेब सीरीज का ऐलान, जल्द नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

परिणीति चोपड़ा पिछली बार दिलजीत दोसांझ के साथ फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आई थीं, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

अब परिणीति की पहली वेब सीरीज का ऐलान हो गया है, जिसके निर्देशन की कमान रेंसिल डी सिल्वा ने संभाली है। सीरीज की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है।

फिलहाल इस रहस्य थ्रिलर वेब सीरीज के शीर्षक से पर्दा नहीं उठा है। परिणीति के अलावा इस वेब सीरीज में आलिया भट्ट की मां और दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान भी मुख्य भूमिका में होंगी। इसमें जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी, ताहिर राज भसीन, अनुप सोनी, सुमीत व्यास और चैतन्य चौधरी जैसे सितारे भी अभिनय करते नजर आएंगे। यह वेब सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। बता दें कि सिद्धार्थ पी मल्होत्रा और सपना मल्होत्रा इस सीरीज के निर्माता हैं।



**मेरे हस्बैंड की बीवी का नया गाना चन्ना तू बेमिसाल जारी, जुबिन नौटियाल ने लगाए सुर**

अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह जैसे सितारों से सजी फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। हालांकि, पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का हाल-बेहाल है।

अब निर्माताओं ने मेरे हस्बैंड की बीवी का नया गाना चन्ना तू बेमिसाल जारी कर दिया है, जिसे जुबिन नौटियाल ने भूमि त्रिवेदी के साथ मिलकर गाया है। इस गाने के बोल फिल्म के निर्देशक मुदस्सर अजीज ने लिखे हैं।

चन्ना तू बेमिसाल गाने में अर्जुन और भूमि का रोमांटिक अंदाज दिख रहा है। इस फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। वाशु भगनानी और उनके बेटे जैकी भगनानी इस फिल्म के निर्माता हैं।

कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने इस फिल्म के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। फिल्म में उन्होंने अर्जुन के दोस्त का किरदार निभाया है।

## जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट के लिए करना होगा थोड़ा और इंतजार, रिलीज टली

अभिनेता जॉन अब्राहम पिछली बार फिल्म वेदा में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया, लेकिन एक्शन से भरपूर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।

पिछले काफी समय से जॉन अपनी अगली फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान शिवम नायर ने संभाली है। यह फिल्म 7 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इस फिल्म के लिए दर्शकों को थोड़ा इंतजार करना होगा। 10 दिन पहले निर्माताओं ने द डिप्लोमैट की रिलीज टाल दी है। अब यह फिल्म 14 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। टी-सीरीज ने लिखा, इंतजार लंबा होता जा रहा है,

# बॉडीकॉन ड्रेस पहन भोजपुरी क्वीन ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की बोल्ड अदाओं पर दिल हार गए फैंस

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वोजब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एकट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपने लेटेस्ट लुक में फोटोज फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस को काफी पसंद आता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में उनका किलर और स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने बेहद ही स्टाइलिश बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर



अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने फोटोज में टू मच स्टनिंग। दूसरे यूजर ने- सो हॉट। तीसरे यूजर ने-बेहद स्टनिंग लिखा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

## मंजू वारियर की मलयालम थ्रिलर फिल्म फुटेज का हिंदी ट्रेलर रिलीज, फ्लैट में रहने वाले लोगों के अनगिनत सीक्रेट लेकर आए अनुराग कश्यप

मंजू वारियर की मलयालम थ्रिलर फिल्म फुटेज का हिंदी वर्जन ट्रेलर जारी कर दिया गया है. फिल्म में मंजू वारियर, विशाख नायर, गायत्री अशोक अहम भूमिका में है. यह फिल्म इसी साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

आज, 25 फरवरी को फिल्म मेकर अनुराग कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम पर मलयालम थ्रिलर फिल्म फुटेज का हिंदी वर्जन ट्रेलर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, और ये रहा फुटेज का ट्रेलर. सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शूट की गई यह फिल्म आपको ऐसा महसूस कराती है जैसे आप इसके बीच में हैं. इसे 7 मार्च को सिनेमाघरों में देखें.

फुटेज के हिंदी ट्रेलर में इसकी दुनिया की झलक दिखाई गई है, जिसमें एक ऐसे कपल की कहानी दिखाई गई है जो कोविड-19 महामारी के दौरान अपने अपार्टमेंट में परेशान करने वाले रहस्यों को उजागर करते हैं. इसे एक फाउंड फुटेज फिल्म के रूप में शूट किया गया है. दोनों रात के अंधेरे में जंगलों में घूमते हुए अपने कैमरे में कैद की गई चीजों की खोज करते है. उनकी जिज्ञासा उन्हें रहस्य और अनकही सच्चाइयों से भरे एक दूसरे रास्ते पर ले जाती है. हालांकि ट्रेलर में ज्यादा कुछ नहीं दिखाया गया है. बीते सोमवार को अनुराग कश्यप ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए इसके बारे में संक्षिप्त जानकारी दी. उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, कोविड के दौरान सेट, एक फाउंड फुटेज थ्रिलर. जब मैंने इसे सिनेमा में देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि किस तरह से फिल्म को दो दृष्टिकोणों से एक साथ रखा गया है. सैजू और उनकी टीम ने जो किया है, उसे हासिल किया है. और जिस तरह से मंजू वारियर, विशाक और गायत्री ने एक्टिंग किया है और इसे ऐसे थ्रिलिंग लेवल तक पहुंचाया है. फिल्म को हिंदी ऑडियंस के सामने लाने के लिए काफी एक्साइटेड हूं. फुटेज का निर्माण बिनीश चंद्रन और सैजू श्रीधरन ने किया है. यह थ्रिलर फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 11ः सिनेमाघरों में संभाजी महाराज की दहाड़ बरकरार, दूसरे सोमवार को 350 करोड़ का आंकड़ा किया पार

विक्की कौशल की नई फिल्म छावा ने वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार एंट्री की. मराठी उपन्यास छावा पर आधारित यह हिस्टोरिकल एक्शन फिल्म आपको छत्रपति संभाजी महाराज की यात्रा और मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ उनकी लड़ाई से रूबरू कराती है. इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 11 दिन हो चुके हैं और इन दिनों में इसने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है.

मेकर्स के मुताबिक, लक्ष्मण उटेकर निर्देशित फिल्म छावा ने पहले सप्ताह में 225.28 करोड़ रुपये कमाए. एक सप्ताह के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है. 21 फरवरी को यानी दूसरे शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर ड्रैगन जैसी कई नई फिल्में रिलीज हुई, इसके बावजूद छावा ने 8वें दिन 24.03 करोड़ रुपये का बिजनेस किया.

रिलीज के 9वें दिन छावा की कमाई में काफी उछाल देखा गया. विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की नई फिल्म ने दूसरे शनिवार को 44.1 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की. वहीं, दूसरे रविवार को भी फिल्म ने 40 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की. छावा मेकर्स के जारी किए रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 10वें दिन 41.1 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि यह 9वें दिन के अपेक्षा थोड़ी कम कमाई रही.

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, वीकेंड 2 के नतीजेः पुष्पा 2 हिंदी और छावा केवल दो ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने अपने दूसरे वीकेंड (शुक्रवार-रविवार) में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया.

दूसरे वीकेंड पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म छावा की असली परीक्षा दूसरे सोमवार को हुई, जिसमें वह पास हुई. छावा ने दूसरे मंडे यानी रिलीज के 11वें दिन 18.50 करोड़ रुपये कमाए. इसी के साथ विक्की कौशल की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. 11 दिनों के बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छावा का कुल कलेक्शन 353.01 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, सैकनिल्क के मुताबिक, दुनियाभर में छावा की कमाई कुल 444.5 करोड़ रुपये हो गई है. लक्ष्मण उटेकर की फिल्म छावा में विक्की कौशल ने मराठा साम्राज्य के राजा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है. रश्मिका मंदाना येसुबाई के किरदार में नजर आई हैं, जबकि अक्षय खन्ना औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं. इनके अलावा फिल्म में आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, विनीत कुमार सिंह, नील भूपालम, डायना पेंटी और प्रदीप रावत जैसे बेहतरीन कलाकार भी हैं.

## मेरे हस्बैंड की बीवी को नहीं मिल रहे दर्शक, चौथे दिन लाखों में सिमटा कारोबार

मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है। यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज हुई थी।

अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर जैसे सितारों की अदाकारी से सजी इस फिल्म का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

आलम यह है कि चौथे दिन मेरे हस्बैंड की बीवी का कारोबार लाखों में सिमट गया है। मेरे हस्बैंड की बीवी की हालत पस्त बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेरे हस्बैंड की बीवी ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 51 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस क्लेक्शन 4.82 करोड़ रुपये हो गया है। मेरे हस्बैंड की बीवी ने 1.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.65 करोड़ रुपये

# मिनिमल मेकअप करना पसंद है? आप अपना सकती हैं ये 5 शानदार ट्रेंड

2024 में बोल्ड मेकअप का रुझान प्रचिलित हुआ था, जो पार्टी या त्योहार जैसे मौकों पर बढ़िया लगता है।

हालांकि, इस साल महिलाओं की पसंद बदल रही है और वे मिनिमल यानि कम मेकअप लगाने का रुझान अपना रही हैं।

इस तरह का मेकअप हर जगह अच्छा लगता है, चाहे आप कॉलेज जा रही हों, डेट पर जा रही हों या घूमने जा रही हों।

आइए इस साल प्रचिलित हो रहे 5 मिनिमल मेकअप रुझानों के बारे में जानते हैं।

कम उत्पादों वाला मेकअप

आज के समय में कोई भी महिला अपने चेहरे पर अधिक मेकअप लगाना पसंद नहीं करती है। इससे चेहरे पर मेकअप की मोटी परत नजर आने लगती है और वह केकी होने लगता है।

इस साल महिलाएं मेकअप करने के लिए कम उत्पादों का प्रयोग करना पसंद कर रही हैं। उदाहरण के लिए फाउंडेशन के बजाय केवल कंसीलर इस्तेमाल करना या केवल उन जगहों पर कंसीलर लगाना जहां दाग-धब्बे हों। अंत में मस्कारा और लिप ग्लॉस इस्तेमाल किया जाता है। आप सभी ने कभी न कभी क्लीन गर्ल मेकअप के बारे में जरूर सुना होगा। यह एक अनोखा ट्रेंड है, जो कम मेकअप करने और प्राकृतिक सुंदरता को निखारने पर ध्यान देता है।



इसे पाने के लिए हल्की कवरेज वाला फाउंडेशन लगाया जाता है और गालों पर हल्का ब्लश इस्तेमाल किया जाता है।

इसके बाद, आखों पर न्यूड रंग का आईशैडो और होंठों पर गुलाबी रंग का लिप टिंट इस्तेमाल किया जाता है।

गुलाबी ब्लश वाला मिनिमल मेकअप

इस साल भी ब्लश सबसे पसंदीदा मेकअप उत्पाद रहने वाला है, जो गालों पर गुलाबी निखार ले आता है। इसकी मदद से आप गुलाबी टोन वाला मिनिमल मेकअप लुक पा सकती हैं।

सबसे पहले कंसीलर या हल्की कवरेज वाले फाउंडेशन का प्रयोग करके बेस मेकअप करें। इसके बाद अपने गालों और आखों पर गुलाबी रंग का ब्लश लगा लें।

पलकों पर ट्रांसपेरेंट मस्कारा और होंठों पर लिप ग्लॉस लगाकर लुक को पूरा करें।

नो मेकअप लुक

फिल्मों में अभिनेत्रियां बिना मेकअप किए भी खूबसूरत लगती हैं। हालांकि, शूटिंग के दौरान वे नो मेकअप लुक अपनाती हैं, जिसे देखकर ऐसा लगता है मानो उन्होंने मेकअप किया ही न हो।

पिछले कुछ सालों से यह रुझान बड़ी चर्चा में है, जो सभी महिलाओं को पसंद भी आता है। इसके लिए चेहरे पर कंसीलर लगाएं और होंठों पर न्यूड रंग की लिपस्टिक इस्तेमाल करें।

अपनी पलकों पर मस्कारा लगा लें और भौहों को घना कर लें। इस साल लाटे मेकअप भी पसंद किया जा रहा है, जो भूरे टोन वाला मेकअप होता है। इस तरह का मेकअप हर आउटफिट के साथ जंचता है और खास तौर से भारतीय महिलाओं की त्वचा पर निखरकर आता है। इसके लिए फाउंडेशन लगाने के बाद ब्रोंजर के जरिए कंटूरिंग की जाती है और गालों पर पीच या नारंगी रंग का ब्लश लगाया जाता है।

# वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं? इन 5 खाने की गलतियों से बचें

वजन घटाना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया हो सकती है, खासकर जब हम अपने खाने की आदतों में कुछ आम गलतियां कर बैठते हैं।

अक्सर लोग सोचते हैं कि कम खाना या कुछ चीजें छोड़ देना ही वजन घटाने का सही तरीका है, लेकिन यह सच नहीं है। सही जानकारी के बिना हम अपने शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

इस लेख में हम पांच ऐसी आम गलतियों पर चर्चा करेंगे, जो वजन घटाने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।



नाश्ता छोड़ना

नाश्ता छोड़ने से कैलोरी कम होने की सोच गलत है।

ऐसा करने से मेटाबॉलिज्म धीमा हो सकता है और दिनभर भूख बढ़ सकती है, जिससे आप दोपहर या रात के खाने में ज्यादा खा सकते हैं। नाश्ता आपके दिन की शुरुआत को ऊर्जा देता है और इसे संतुलित रखना जरूरी है ताकि आप पूरे दिन सक्रिय रह सकें।

नाश्ते में प्रोटीन और फाइबर युक्त आहार जैसे ओट्स, फल शामिल करें, जिससे आपका पेट लंबे समय तक भरा रहे।

पर्याप्त पानी ना पीना

कई बार लोग प्यास को भूख समझकर अनावश्यक रूप से खाते हैं। पानी की कमी से शरीर डिहाइड्रेटेड महसूस करता है, जिससे थकान और मेटाबॉलिज्म में कमी आती है। पर्याप्त पानी पीने से त्वचा स्वस्थ रहती है और पाचन तंत्र बेहतर काम करता है।

हर दिन कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और भूख नियंत्रित रहे, जिससे आप अनावश्यक खाने से बच सकें।

अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड का सेवन करना प्रोसेस्ड फूड जैसे चिप्स, बिस्किट्स या पैकेज्ड स्नैक्स में शक्कर, नमक और अनहेल्दी फैट की मात्रा अधिक होती है, जो वजन घटाने के प्रयासों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये खाद्य पदार्थ जल्दी भूख मिटाते हैं लेकिन पोषक तत्वों की कमी के कारण पेट लंबे समय तक भरा नहीं रखते।

इनके बजाय ताजे फल-सब्जियां या घर पर बने स्नैक्स का सेवन करें, जो पोषण देने के साथ भूख भी शांत करेंगे।

भोजन करते समय ध्यान न देना

भोजन करते समय टीवी देखना या फोन चलाना एक आम आदत है, जिससे हम नहीं समझ पाते कि कितना खा लिया और कब पेट भर गया। इस कारण जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिसका असर वजन पर पड़ता है। भोजन करते समय ध्यानपूर्वक खाना चाहिए ताकि भूख को सही तरीके से पहचान सकें। कोशिश करें कि भोजन के वक्त किसी अन्य गतिविधि में व्यस्त न रहें, बल्कि खाने पर पूरा ध्यान दें ताकि संतुलित मात्रा में ही खाएं।

## शब्द सामर्थ्य -339


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहूदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 338 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी रांझी मानस द्विवेदी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली मिली की एक युवक नीले रंग की स्कूटी में शोभापुर तरफसे मड़ई तरफभारी मात्रा में अवैध शराब ले जाना वाला है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई कुछ समय बाद मुखबिर के बताये हुलिये का युवक स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेडई 9701 में सामने तरफ2 बोरी रखे आता दिखा जिसे घेराबंदी कर रोका जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम संदीप वंशकार उम्र 25 वर्ष निवासी मरही माता मंदिर के पास वंशकार मोहल्ला बल्दीकोरी की दफाई घमापर बताया जो स्कूटी



# आदर्श ग्राम निर्माण में स्वयं सेवी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है... मोहन नागर उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद

## स्वयं सेवी संस्थाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



